RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि


हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 83 • 08:04:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## ‘प्रधानमंत्री मोदी के एक फोन से रुका रूस-यूक्रेन युद्ध’

● राजनाथ सिंह बोले-पीएम की एक कॉल ने कतर से पूर्व नौसैनिकों को छुड़ाया

**जयपुर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव को लेकर देश में प्रचार अभियान जोरों पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बार एनडीए 400 पार का नारा दिया है। इसी बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को राजस्थान के बीकानेर पहुंचे। राजनाथ सिंह ने यहां जनसभा को संबोधित करते हुए जहां केंद्र की नीतियों और पीएम मोदी के कार्यों के तारीफ की तो वहीं विपक्षियों की जमकर धज्जियां उड़ाई। इस दौरान राजनाथ सिंह ने रूस-यूक्रेन युद्ध का भी जिक्र किया। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ‘जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ था। उस समय भारत के बहुत से बच्चे यूक्रेन में पढ़ाई कर रहा थे, जिसके बाद बच्चों के माता पिता ने पीएम मोदी से उन्हें यूक्रेन से वापस लाने की गुहार लगाई।



## पाकिस्तान बोला-हमारे नागरिकों को आतंकवादी कहता है भारत

राजनाथ के पड़ोसी देश में घुसकर दुश्मनों को मारने वाले बयान को बताया भड़काऊ

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आतंकियों को पाकिस्तान में घुसकर मारने वाले बयान की निंदा की है। इसे भड़काऊ बताया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान के नागरिकों को मनमाने ढंग से आतंकवादी करार देना और सजा देने का दावा करना साबित करता है कि वो दोषी हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह जरूरी है कि वह भारत को उसकी गैरकानूनी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार ठहराए। पाकिस्तान उकसावे के किसी भी कदम के खिलाफ अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है।



## न्यूजीलैंड ने भारतीय कामगारों को अब दे दिया तगड़ा झटका

वीजा पॉलिसी में किया बड़ा बदलाव, और सख्त किए नियम

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की सरकार ने रविवार को देश में विदेशी कामगारों में कमी करने के लिए वीजा के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। न्यूजीलैंड के वीजा नियमों में बदलाव से भारतीय कामगारों को बड़ा झटका लगेगा। स्पुतनिक की रिपोर्ट के अनुसार, अकेले साल 2023 में 173,000 प्रवासी कामगार न्यूजीलैंड पहुंचे, जिनमें 35 प्रतिशत भारतीय थे। रविवार को जारी बदलाव के बाद ये साफ हो गया है कि न्यूजीलैंड की प्राथमिकता स्थानीय लोगों को रोजगार के ज्यादा मौके देने की है। आप्रवासन मंत्री एरिका स्टैनफोर्ड ने नए नियमों पर कहा, ये परिवर्तन एक अधिक व्यापक कार्यक्रम की शुरुआत हैं, जो एक बेहतर आप्रवासन प्रणाली का निर्माण करती है। हमारे बदलते आर्थिक संदर्भ को जवाब देती है और शीर्ष प्रतिभा को आकर्षित करती है। उन्होंने कहा कि यह स्ववित्तपोषित और टिकाऊ है और जोखिम का बेहतर प्रबंधन करती हैं।






## बिहार में नहीं मिला ‘मौका’, अब दिल्ली में लगाएंगे ‘चौका’

### कन्हैया कुमार को दिल्ली से लड़ाने की तैयारी कर रही कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को उस समय बड़ा झटका लगा था जब बिहार में महागठबंधन का नेतृत्व करने वाली लालू यादव की पार्टी आरजेडी ने बेगूसराय की सीट सीपीआई के खाते में दे दी। इसके साथ ही 2019 में गिरिराज सिंह के खिलाफ चुनावी मैदान में खड़े कन्हैया कुमार को निराशा हाथ लगी। अब खबर आ रही है कि कांग्रेस पार्टी अपने इस स्टार कैंपेनर को दिल्ली की एक सीट से चुनावी अखाड़े में उतार सकती है। कांग्रेस सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस पार्टी कन्हैया कुमार को दिल्ली की उत्तर पूर्वी सीट से उम्मीदवार बना सकती है। उनके नाम पर अंतिम मुहर आगे होने वाली कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लग सकती है। अगर कांग्रेस उन्हें अपना कैंडीडेट बनाती है तो उनका मुकाबला दिल्ली बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी से होगा। मनोज तिवारी 2014 और 2019 के चुनाव में इस सीट से जीत दर्ज कर चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कन्हैया कुमार लेफ्ट के टिकट पर बेगूसराय सीट से चुनावी मैदान में थे। हालांकि, उन्हें इस चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शानदार जीत दर्ज की थी। कन्हैया कुमार इसके बाद सितंबर 2021 में लेफ्ट छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। राहुल गांधी की न्याय यात्रा के दौरान वह अक्सर उनके साथ दिखते थे। आपको बता दें कि इस लोकसभा चुनाव में दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन हुआ। कांग्रेस के खाते में तीन सीटें गई हैं। कांग्रेस ने अभी तक तीनों में से किसी भी सीट के उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है।

## भारत को आंख दिखाने वाले आज आटे के लिए तरस रहे



### बिहार में पीएम बोले-इंडी गठबंधन ने गारंटी को गुनाह बनाया

**नवादा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बिहार के नवादा में जनसभा की। 30 मिनट की स्पीच में प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन, राम मंदिर, टुकड़े-टुकड़े गैंग, जंगलराज और तीन तलाक जैसे मुद्दों पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन कहता है कि मोदी की गारंटी गैरकानूनी है, इसे बंद कराना चाहिए। उन्होंने गारंटी को गुनाह बना दिया है। उन्होंने कहा कि 370 और तीन तलाक खत्म करने की गारंटी दी थी। जो कहता हूं करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को आंख दिखाने वाले आज आटे के लिए तरस रहे हैं। वे बोले, इंडी गठबंधन के बड़े नेता रैली नहीं कर रहे हैं। पता चला यहां के एक नेता हठ कर के बैठ गए हैं। उनका कहना है कि जब तक मुझे पीएम कैंडीडेट घोषित नहीं किया जाएगा, रैली नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में वो भी समय था, जब बहू-बेटियों को निकलने से डर लगता था। नीतिश जी और सुशील मोदी के प्रयास से बिहार जंगलराज से मुक्त हुआ है। प्रधानमंत्री से पहले सीएम नीतिश कुमार ने कहा कि याद कीजिए 2005 से पहले बिहार का क्या हाल था। पहले 15 साल पति-पत्नी ने केवल राज किया। बच्चों को बताइएगा। पहले क्या था, हमने कितना काम किया है। नवादा से पहले 4 अप्रैल को पीएम ने जमुई से चुनावी कैंपेन का आगाज किया था। यहां उन्होंने लोजपा (रा) के प्रत्याशी और चिराग पासवान के बहनोई अरुण भारती के पक्ष में सभा की थी। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले सनातन धर्म को समाप्त करने की बात करते हैं। इंडी गठबंधन वाले भारत के एक और विभाजन करने की बात करते हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता खुलेआम बयान दे रहे हैं कि वो दक्षिण भारत को अलग कर देंगे। पीएम ने कहा कि इन लोगों को भ्रष्टाचार की आदत लग चुकी है। इनकी भाषा टुकड़े-टुकड़े गैंग वाली है। इन लोगों ने शहीदों का अपमान किया है। इंडी गठबंधन में कोई विजन नहीं है। दिल्ली में जो नेता हाथ मिलाकर साथ खड़े होते हैं, वो अपने-अपने राज्य में एक-दूसरे के खिलाफ हैं।

## प्रशांत किशोर बोले-कांग्रेस हारी तो राहुल गांधी ब्रेक लें

### पार्टी का जिम्मा किसी और को दें, राजीव के निधन के बाद सोनिया ने भी ऐसा ही किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव में अगर कांग्रेस सरकार नहीं बना पाती है तो राहुल गांधी को राजनीति से ब्रेक लेने पर विचार करना चाहिए। पॉलिटिकल स्ट्रेटजिस्ट प्रशांत किशोर ने एक इंटरव्यू में यह बात कही। प्रशांत ने कहा- राहुल गांधी कांग्रेस को जिताने के लिए पिछले 10 साल से असफल प्रयास कर रहे हैं। बावजूद वे न तो राजनीति से अलग हट सकते हैं और न ही किसी और पार्टी का चेहरा बना सकते हैं। मेरी नजर में यह भी लोकतांत्रिक नहीं है। प्रशांत ने कहा- जब आप (राहुल गांधी) पिछले 10 साल से एक ही काम कर रहे हैं और उसमें कोई सफलता नहीं मिली है, तो ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है। आपको इसे किसी और को पांच साल के लिए करने देना चाहिए। आपकी मां ने ऐसा किया था। प्रशांत ने कहा- पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की हत्या के बाद सोनिया गांधी ने क्या किया। 1991 में उन्होंने राजनीति से दूरी बना ली। कांग्रेस की कमान पीवी नरसिम्हा राव को दिया। उसका रिजल्ट आप सबको पता है। प्रशांत ने राहुल को लेकर कहा कि कांग्रेस की लड़ाई उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में है, लेकिन उनके नेता मणिपुर और मेघालय का दौरा करते हैं। अगर आप यूपी, बिहार और मध्य प्रदेश में नहीं जीते, तो वायनाड से जीतने का कोई फायदा नहीं है। अकेले केरल जीतकर आप देश नहीं जीत सकते। अमेठी छोड़ देने से भी गलत संदेश जाएगा। प्रशांत ने प्रधानमंत्री मोदी का उदाहरण देते हुए कहा- नरेंद्र मोदी ने 2014 में अपने गृह राज्य गुजरात के साथ-साथ उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने का विकल्प चुना था। इसलिए, क्योंकि आप भारत को तब तक नहीं जीत सकते जब तक आप हिंदी पट्टी को नहीं जीतते या हिंदी पट्टी में मौजूदगी दर्ज नहीं कराते। प्रशांत किशोर ने कहा- दुनियाभर के अच्छे और बड़े नेताओं की एक विशेषता है। वे जानते हैं कि उनमें क्या कमी है। वे अपनी कमियों और खामियों को ठीक करने के लिए हमेशा कोशिश करते रहते हैं। लेकिन राहुल को लगता है कि वे सब कुछ जानते हैं। उन्होंने कहा- अगर आप मदद की जरूरत को नहीं पहचानते हैं, तो कोई भी आपकी मदद नहीं कर सकता।



## महाराष्ट्र की सियासत | उद्धव और शरद पवार लड़ रहे अस्तित्व की लड़ाई

### एकनाथ शिंदे के सामने भी कड़ी परीक्षा, लोकसभा चुनाव तय करेगा भविष्य

**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार तेज हो गया है। इस बीच महाराष्ट्र की दो बड़ी क्षेत्रीय पार्टियां आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं। उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद) के सामने बड़ी चुनौती खड़ी है। वहीं यह चुनाव मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख अजित पवार के लिए भी परीक्षा की तरह है। दोनों ने ही अपने दलों में तोड़फोड़ की और भारतीय जनता पार्टी नीत गठबंधन में शामिल हो गए। लेकिन ठाकरे और शरद पवार के लिए चुनौती अधिक बड़ी है क्योंकि वे सत्ता से बाहर हैं और उन्होंने अपने दलों - क्रमशः शिवसेना और एनसीपी का मूल नाम और चुनाव चिह्न भी गंवा दिया है। निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी और शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को असली एनसीपी और असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी है।



एक रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक प्रकाश अकोलकर ने कहा कि दोनों नेताओं को चुनाव में प्रभावशाली प्रदर्शन करने की जरूरत है, वरना उनके राजनीतिक अस्तित्व के लिए खतरा पैदा हो जाएगा। अकोलकर ने कहा कि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव तक अपने समूह को एकजुट रखने के लिए उद्धव ठाकरे के लिए जरूरी है कि उनके कम से कम छह-सात उम्मीदवार चुनाव जीतें। वरिष्ठ पत्रकार ने बताया कि ठाकरे को उतनी ही लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ना है जितनी सीट पर उनकी पार्टी ने तब चुनाव लड़ा था जब वह 2019 में भाजपा के सहयोगी थी तथा ठाकरे ने अबतक 21 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर ऐसा ही किया है जबकि कांग्रेस इनमें से कुछ सीट पर दावा कर रही थी।

यह कैसा गठबंधन!

## ‘इंडिया’ की सहयोगी कांग्रेस पर बरसे केरल सीएम विजयन

### आरएसएस के साथ बताया संबंध, की घोषणापत्र की आलोचना



**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने शनिवार को इंडिया गठबंधन की अपनी सहयोगी पार्टी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस के लोकसभा चुनाव घोषणापत्र की आलोचना करते हुए विजयन ने कहा कि यह सांप्रदायिक हिंदुत्व राजनीति से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने में फेल है। अलप्पुझा में अपने संबोधन के दौरान विजयन ने कहा, सीपीआई (एम) का घोषणापत्र विभाजनकारी सीएए को रद्द करने के अपने इरादे को स्पष्ट रूप से बताता है।

## एससी के जज करें मुख्तार अंसारी की मौत की जांच

### गाजीपुर में अखिलेश ने कहा-योगी सरकार पर मुझे भरोसा नहीं

**गाजीपुर (एजेंसी)।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को दिवंगत मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने मुलाकात के बाद भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार कस्टोडियल डेथ में अन्य राज्यों से आगे जाना चाहती है। सरकार का काम है नागरिकों को सुरक्षा देना लेकिन अब सरकार पर भरोसा नहीं है। उन्होंने मुख्तार अंसारी की मौत मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराए जाने की मांग की। अखिलेश ने कहा कि जो घटना जेल के अंदर हुई, उन सवालों का जवाब सरकार के पास नहीं है। अखिलेश मुख्तार अंसारी के घर पर भी पहुंचे और परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने कहा, मैं परिवार के सभी सदस्यों से मिला हूं और परिवार के इस दुख में मैं शामिल होने आया हूं। इस दुख की घड़ी में उनके साथ हूं। उन्होंने कहा कि परिवार से जो बातचीत हुई है, वो हमारी अलग बातचीत है। आप मीडिया के लोग हैं, हर चीज को समझते हैं। राजनैतिक लोग बातों को अपने तरीके से डिफाइन करते हैं लेकिन (बांदा जेल में) जो कुछ हुआ है, वो सरकार के ऊपर सवाल खड़े करता है। जेल के अंदर जो घटना हुई, उन सवालों का जवाब सरकार के पास नहीं है। अखिलेश ने कहा कि अपने भाषण में मैंने कहा था कि सबसे ज्यादा अन्याय और भेदभाव इस सरकार में लोगों के ऊपर हो रहा है और कस्टोडियल डेथ में भी ये सरकार और राज्यों से आगे जाना चाहती है।



## चौकीदार के रहते नीरव माल्या ललित जैसे लोग पैसा लेकर कैसे भाग गये

### दीपक यादव को मंच से ही तेजस्वी यादव ने राजद की सदस्यता दिलाई और उनकी उम्मीदवारी की घोषणा की

**तेजस्वी ने कहा कि एनडीए के नेता ही चंपारण से लगातार MLA और MP एनडीए के बनते आए हैं, तब भी यहां बदहाली और गरीबी है। मोदी जी जब चंपारण की धरती पर आए थे तब मोतिहारी में कहा था कि अगली बार जब मैं आऊंगा तो इसी मिल के निकले चीनी से चाय पीऊंगा, लेकिन अभी तक चीनी मिल नहीं खुली**



चाणक्य भूमि बेतिया

बगहा मे रैली को संबोधित करते हुये तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते है कि मैं चौकीदार हूँ लेकिन चौकीदार के रहते हुए कैसे नीरव मोदी, विजय माल्या, ललित मोदी जैसे कई लोग भारत की जनता का पैसा लेकर देश छोड़कर भाग गए। आगे उन्होंने कहा कि जो भी भाजपा के विरोध में लड़ेगा उसपर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स छोड़ देते हैं कहते है की डरो नहीं तो छापा मार देंगे। अपने भाषण के दौरान नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए तेजस्वी ने कहा कि हमारे चाचा तो पलट गए। चाचा जी बोलते थे मर जाएंगे मिट जाएंगे, लेकिन भाजपा में नहीं जाएंगे। मोदी जी ने कहा कि डीएनए खराब है। महिलाओं पर बयान को लेकर मोदी जी ने कहा था कि कितना गिरोगे। लौरिया में अमित शाह ने कहा था कि अब नीतीश के लिए दरवाजे बंद हैं। लेकिन च्चचा तो सब भूल गए अब तो वह अपने आप को खुद ही झूठा बोल रहे हैं। उन्होंने मंच से अपने कार्यकाल की उपलब्धि गिनाते हुए बताया कि मैंने 5 लाख युवाओं को रोजगार दिया है और अगर मेरी सरकार बनी तो हम 10 लाख युवाओं को रोजगार देंगे, लेकिन दुर्भाग्य रहा कि हम सरकार नहीं बना पाए। हमें जबरदस्ती हरा दिया गया। उन्होंने बताया कि जब हमने नौकरियों की बात कही थी तब चाचा जी ने कहा था पैसा कहां से लाओगे। महागठबंधन की सरकार बनी तो यही चाचा जी को 5 लाख युवाओं को रोजगार देने पर हमने मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि दीपक यादव वाल्मीकि नगर से हमारे उम्मीदवार है आपलोग इनका समर्थन करे और विश्वास रखें की हमलोग सभी सीटों पर विजय प्राप्त करेंगे। आपको बता दे कि दीपक यादव लंबे समय से भाजपा के लिये काम कर रहे थे। और टिकट नहीं मिलने के कारण भाजपा से इस्तीफा देकर राजद का हाथ थामा है।

# मतदान के मामले में फिसड्डी रहा बिहार! बीते तीन चुनावों में कम वोटिंग में दूसरा नंबर



**पटना, एजेंसी।** बिहार को राजनीतिक मामले में बेहद संवेदनशील और जागरूक माना जाता है। कई बार बिहार को राजनीति में राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेंड सेंटर भी कहा जाता है। इसके बावजूद यहां मतदान प्रतिशत देश के अन्य राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की तुलना में बेहद कम है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों से कम मतदान वाले वाले राज्यों में बिहार दूसरे स्थान पर है। बिहार में वर्ष 2009, 2014, 2019 के लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत (वोटर टर्न आउट) अन्य राज्यों की अपेक्षा कमतर रहा। इन चुनावों में देश में सब कम वोटर टर्न आउट वाले राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में एकमात्र जम्मू एवं कश्मीर से बेहतर स्थिति में बिहार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत 67 से 10 कम यानि 57.3 रहा।

बिहार में हाल के जातीय सर्वेक्षण के अनुसार 46 लाख लोग बिहार से बाहर जाकर काम कर रहे हैं। पलायन बिहार की एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण मतदान प्रतिशत पर सीधा असर होता है। वहीं, चुनाव आयोग द्वारा कराए गए विशेष अध्ययन के अनुसार मतदाताओं में विभिन्न कारणों से वोट डालने को लेकर उत्साह में कमी भी पायी गयी है। आयोग ने कम मतदान प्रतिशत वाले राज्यों को बूथ प्रबंधन के तहत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और मतदाताओं को उनके अधिकार के प्रति प्रेरित करने की हिदायत दी है। बिहार में पिछले तीन चुनावों के दौरान वोटर टर्न आउट में वृद्धि दर्ज की गयी है। 2009 में बिहार के लोकसभा चुनाव में 44.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं, 2014 के लोकसभा चुनाव में यह बढ़कर 56.3 प्रतिशत हो गया था। जबकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में इसमें एक प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई और वोट प्रतिशत बढ़कर 57.3 प्रतिशत हो गया एएन सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना के पूर्व निदेशक प्रो. डीएम दिवाकर ने बताया कि बिहार में मतदान प्रतिशत कम होने के तीन प्रमुख कारणों में तकनीकी, सामाजिक सुविधा व सरकार के प्रयासों में कमी है। एएन सिन्हा इंस्टीच्यूट द्वारा पिछले वर्षों में कराए गए विशेष अध्ययन पर हुई कार्रवाई से दस प्रतिशत मतदान में वृद्धि हुई थी। सिर्फ महिला एवं बुजुर्गों के लिए बूथ पर सुविधा बढ़ाने से मतदान में वृद्धि हुई। सामान्य मतदाताओं पर प्रलोभनों का नकारात्मक असर होना, संसदीय राजनीति का ढलान पर होना, सरकारी तंत्र की विश्वसनीयता में कमी, नौजवानों में राजनीतिक चेतना का विकसित नहीं होना, दैनिक मजदूरी पर आश्रित मतदाताओं के एक बड़े तबके में दो जून की रोटी जुटाने की मजबूरी भी प्रमुख कारणों में शामिल हैं। राज्य में एक बड़ा वर्ग युवा मतदाताओं का है, जो वोटर आईडी बनाने व मतदान के प्रति गंभीर नही हैं और वे अपने कैरियर व पढाई में जुटे रहते हैं। इस संदर्भ में युवाओं ने बातचीत के दौरान अपनी वास्तविक स्थिति साझा की। पटना के यारपुर निवासी इंटर उत्तीर्ण छात्र रविशंकर ने कहा कि मुझे पहली बार वोट देने का मौका मिलेगा। हमारे कई साथी ऐसे है, जिन्होंने मतदाता पहचान पत्र तो बनवा लिया है लेकिन वोट देने नहीं जाएंगे। इसमें उनकी कोई रुचि नहीं है, वे पढाई में लगे हुए हैं।

वहीं, गर्दनीबाग निवासी बीए-पार्ट-1 की छात्रा अलका कुमारी ने कहा कि लड़कियों को कोई घर से मतदान के दिन बूथ पर जाने नहीं देता है। हमारे गांव में मतदान केंद्र घर से दूर होते हैं, इससे भी युवतियां उत्साहपूर्वक शामिल नहीं होती।

## दो ट्रकों की भीषण टक्कर में चालक की मौत

**सरैया (मुजफ्फरपुर), एजेंसी।** थाना क्षेत्र के बासूचक सेखौना स्थित एसएच 74 पर पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की देर रात दो ट्रकों के बीच भीषण टक्कर में एक ट्रक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उपचालक जख्मी हो गया। चालक की पहचान पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के दोस्तनगर शेरपुर के साहेब राय के पुत्र अरुण राय (26) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पटना से एक ट्रक छड़ लोड कर मोतिहारी की तरफ जा रहा था, जबकि दूसरा ट्रक साहेबगंज से पटना की ओर जा रहा था। सेखौना पेट्रोल पंप के पास ट्रक चालक को झपकी आ गयी। उसके बाद अनियंत्रित ट्रक सामने से आ रहे छड़ लदे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि छड़ लदे ट्रक का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्टीयरिंग और छड़ के बीच में चालक फंस गया, जबकि उपचालक बाहर फेंका गया। सूचना पर पहुंची सरैया पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। वहीं, उपचालक को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएफ के हत्थे चढ़ा मोबाइल चोर

**भागलपुर, एजेंसी।** आरपीएफ की टीम ने शनिवार के भागलपुर स्टेशन से एक मोबाइल चोर को दबोचा है। वह रेलवे यात्रियों के फोन उड़ाने वाले गिरोह का सदस्य है। उसकी पहचान झारखंड के साहेबगंज जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी मिथुन शेख के रूप में हुई है। उसके पास से एक चोरी का मोबाइल बरामद किया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि उनके और इंस्पेक्टर शिवशंकर सिंह की निगरानी में एक टीम काम कर रही थी। जिसमें एसआई पूर्णेन्दु कुमार, शरद कुमार सुमन, एएसआई प्रणव चटर्जी, संतु कुमार सिंह, एएस दीपक कुमार रॉय, एचसी उत्तम सरकार समेत अन्य लोग शामिल थे। टीम ने प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर चेकिंग के दौरान एक युवक को भागते देखा। उसे जब खदेड़कर पकड़ा गया तो उसने बताया कि वह मोबाइल चोरी का काम करता है। उसे जीआरपी के हवाले कर दिया गया है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**भागलपुर/सन्हौला, एजेंसी।** बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी शेखर सुमन के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मुर्गियाचक गांव से प्रखंड मुख्यालय होते हुए पूरे सन्हौला बाजार में जागरूकता रैली निकाली गई। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में लोगों के बीच मतदान प्रतिशत को लक्ष्य 85त्र मतदान कार्यक्रम के तरह सभी विभाग जैसे आईसीडीएस, शिक्षा विभाग तथा लोहिया स्वच्छ बिहार के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाताओं को मतदान के बारे में जानकारी दी गई तथा उनसे मतदान करने का आग्रह किया गया। अभियान में सन्हौला सीओ रजनीश चन्द्र राय के साथ प्रखंड में कार्यरत सभी विभाग के अधिकारी शामिल थे।

### कोर्ट से ही पवन का पीछा कर रहे थे बदमाश, घर पहुंचने पर मारी गोली

**भागलपुर, एजेंसी।** बबरगंज थाना क्षेत्र के कुतुबगंज मोहल्ले में 5 अप्रैल को दिनदहाड़े हुए जमीन कारोबारी पवन यादव की हत्या सटीक रेकी के बाद हुई है। मामले में पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस को जानकारी मिली है कि कोर्ट से ही पवन की बदमाशों ने रेकी की है। इसी कारण जब वह घर पहुंचा तो उसे आसानी से कनपटी में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। दरअसल, वह अमरेंद्र यादव हत्याकांड की तारीख के लिए कोर्ट गया था। इस मामले में वह भी अभियुक्त था। कोर्ट में उसे उसे कुछ पुलिस पदाधिकारियों ने भी देखा था। पुलिस को तकनीकी जांच में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इस आधार पर पुलिस ने कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ में जरूरी जानकारी मिली है। विधि व्यवस्था की स्थिति ना हो, इस वजह से पवन के शव का शुक्रवार की देर रात ही पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस मामले में बबरगंज पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। पवन अपने फूफा लक्ष्मीकांत यादव के घर पर रहकर जमीन का कारोबार करता था। उसने घर में सीसीटीवी कैमरे लगवा रखा था, ताकि ऐसी ही परिस्थिति में कैमरे मदद कर सके। पुलिस के मुताबिक बाहर लगे दोनों कैमरे खराब हैं। इस कारण उससे कुछ विशेष हाथ नहीं लगा है। हालांकि गली में कुछ और कैमरे हैं, जिसमें बदमाशों की गतिविधि तलाशने के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन किसी ने गोली की आवाज नहीं सुनने की बात कही है। एसएसपी आनंद कुमार ने कहा कि मामले की जांच में टीम लगी हुई है। जरूरी इनपुट के आधार पर हत्याकांड में शामिल बदमाशों को पकड़ने के लिए टीम काम कर रही है।

## शराब पार्टी करते 3 बार बाला सहित 21 लोग गिरफ्तार

**कहलगांव (भागलपुर), एजेंसी।** कहलगांव थाना से सटे होटल नीलय के मैरेज हॉल में शराब पार्टी करते समय पुलिस ने शुक्रवार की मध्य रात्रि में छापा मारकर तीन युवतियों सहित 21 लोगों को गिरफ्तार किया। यहां शराब और शवाब के साथ बर्थडे पार्टी चल रही थी। मौके से शराब की खाली बोतलें, शराब युक्त बोतल, बीयर, मोबाइल, डीजे सिस्टम जब्त किया गया। इसमें शहर के कई आपराधिक प्रवृत्ति के भी लोग शामिल हैं। कहलगांव थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस अभिनव ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि थाना से सटे नीलय होटल में गुप्त सूचना पर टीम गठित कर शुक्रवार की मध्य रात्रि छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि पूरब टोला के राजकुमार शाह का बर्थडे पार्टी मनाया जा रहा था। जिसमें शराब और शवाब परोसा जा रहा था। सभी शराब के नशे में डांस कर रहे थे। तीन बार बालाओं और 18 लड़कों को दबोचा गया। पकड़े गए लोगों में तीन बार बालाओं और दो अन्य लड़कों को छोड़कर सभी की जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। भागलपुर से अतिरिक्त बल मंगाकर सभी की मेडिकल एवं कोरोना जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों में आधा दर्जन लोगों का आपराधिक इतिहास रहा है।

### पकड़े गए लोग

मुन्ना शेख 19 वर्ष, प्रीतम कुमार शर्मा 30, मो. गुलफराज 34, गौरव शर्मा 28, पंकज साह 32 सभी ग्राम-काजीपुरा, मो. शमशाद 40, गौतम कुमार 33, सोनु कुमार 32, चंदन कुमार, राजकुमार सोनी 45 सभी ग्राम-पूरबटोला, संजय कुमार मंडल 26, गौतम कुमार 30 दोनों शिवकुमारी पहाड़, मोनु कुमार 20, विनोद कुमार शर्मा 32, अमन कुमार 33, तीनों ग्राम-पैठानपुरा, अनिल कुमार 38 महेशामुण्डा, टुनटुन कुमार यादव उर्फ टुड्डु 37 चौधरीटोला, रैयन उर्फ मुस्तफा 20, रुकसाना खातून 22, नूरी खातून 26, सोमा दास 19, ग्राम बोहरमपुर थाना-जियागंज जिला मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं।

पुलिस जांच कर रही है। छापेमारी टीम में पुअनि अतुलेश कुमार सिंह, पुअनि दुबे देव गुरु, परि. पुअनि राधेश्याम गुप्ता, पीटीसी महानंद सिंह एवं सशस्त्र महिला एवं पुरुष बल शामिल थे। प्रशिक्षु आईपीएस थानाध्यक्ष ने बताया कि होटल के मैनेजर सह मालिक नीलय साह के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। निलेश शाह फरार है।

## वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने की घोषणा, बिहार के शरद सागर को मिलेगा यंग ग्लोबल लीडर्स का सम्मान

**सिवान, एजेंसी।** बिहार के सामाजिक उद्यमी एवं भारतीय युवा आइकॉन शरद विवेक सागर को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा '2024 यंग ग्लोबल लीडर' के तौर पर चुना गया है. यह सम्मान हासिल करने वाले सागर बिहार के पहले और भारत के सबसे युवा व्यक्ति हैं. यह सम्मान देश के राष्ट्राध्यक्षों, नोबेल पुरस्कार विजेताओं और उद्योगपतियों को दिया जाता रहा है. जनवरी 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में ऐतिहासिक भाषण दिया था. सागर को सम्मान देने की घोषणा गुरुवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अधिकारियों ने की. सिवान के जीरादेई में जन्मे सागर ने महज 16 साल की उम्र में डेक्सटेरिटी ग्लोबल 2008 नामक संस्था का गठन किया और इस संस्था से ट्रेनिंग हासिल करने वाले छात्रों को दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटी से 175 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप मिल चुकी है. इस संस्था का मुख्यालय पटना में हैं. सागर वर्ष 2016 में देश और दुनिया की मीडिया में छाये हुए थे, जब अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने यंग लीडर्स को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था. वे भारत की ओर से शामिल होने वाले एकमात्र युवा थे. बाद में नोबेल पीस सेंटर ने सागर को नोबेल पुरस्कार समारोह में भी आमंत्रित किया. देश के सबसे चर्चित शो कौन बनेगा करोड़पति में विशेषज्ञ के तौर पर सबसे अधिक मांग सागर की होती है. सागर की उपलब्धियों की सूची काफी लंबी है. महज 24 साल की उम्र में वे फोर्ब्स की ग्लोबल 30 सूची में जगह बनाने में कामयाब रहे. बिहार से ऐसा करने वाले वे एक मात्र युवा है. यह नहीं हावर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ एजुकेशन के प्रेसिडेंट बनने वाले सागर पहले भारतीय बने. इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए सागर ने ट्वीट किया कि यह ऐतिहासिक क्षण है. इस सम्मान के लिए चुना जाना मेरे लिए गौरव की बात है.



## तीसरी बार एक ही कंपनी को लूटने का था प्लान: तीन फरार अपराधी गिरफ्तार

### सतर्क मैनेजर ने घटना के पहले थाने में दी थी जानकारी



**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर पुलिस ने भारत फाइनेंस इनकुलुजन लिमिटेड कंपनी के तीन लाख 38 हजार रुपए लूट मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी को जमालपुर-दौलतपुर से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने 39 हजार 800 रूपए बरामद भी किया। गिरफ्तार अपराधियों में मकेश्वर यादव,धीरज कुमार और नीरज कुमार शामिल है। यह सभी खगड़िया जिला के मुफसिल थाना क्षेत्र के निवासी है। सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 4 अप्रैल 2024 को भारत फाइनेंस इनकुलुजन लिमिटेड कंपनी के ब्रांच मैनेजर रॉबिन सिंह के साथ लूट का प्रयास किया गया था। वह लखीसराय के सूर्यगढ़ा से 9 लाख रूपए लेकर जमालपुर अपने ब्रांच जा रहे थे। इस दौरान कुछ लोग बाइक से उनका पीछा करने लगे। शक होने पर फरदा पहुंचते ही उन्होंने सफियासराय थानाध्यक्ष को सूचना दी। वहीं जब वह गाड़ी लेकर सफियासराय लाल खां पहुंचे तो दो बाइक पर बैठे चार अपराधियों ने वाहन रोक कर लूटने का प्रयास किया।

### दो बार लूट चुके थे कंपनी को तीसरी बार में खुद फंस गए

वह लोग लूटने की कोशिश कर ही रहे थे कि थानध्यक्ष बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखते ही तीन अपराधी फरार हो गए लेकिन एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम अमलेश कुमार और खगड़िया के चमनटोला का रहने वाला बताया। जब उसके साथियों के बारे में पूछा गया तो तीन अन्य साथी की भी जानकारी उसने दी। इसके बाद अनुसंधान कर लूट कांड में शामिल बाकी तीन अपराधियों को भी शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा एसडीपीओ ने आगे बताया कि यह लोग दो बार इसी कंपनी को लूट चुके है। यह तीसरी बार लूट की घटना को अंजाम देने वाले थे। 10 फरवरी को नयारामनगर थाना क्षेत्र में भारत कंपनी के ही लोगों से 1 लाख 48 हजार की लूट कर चुके है। मार्च में खड़गपुर थाना क्षेत्र से कंपनी के 1 लाख 90 हजार रूपए की लूट की घटना में भी यही लोग शामिल थे। 4 अप्रैल को फिर से इसी कंपनी को लूटने वाले थे लेकिन पकड़े गए।

### एक आरोपी पहले करता था कंपनी में काम

वहीं इन सब में मुख्य आरोपी मकेश्वर यादव और धीरज कुमार है। इसमें धीरज कुमार भारत फाइनेंस इनकुलुजन लिमिटेड कंपनी का कर्मी रह चुका है। इसने कुछ महीने पहले नौकरी छोड़ दी थी।कंपनी कब कहां से पैसे लेने के लिए जाती है, इस बात की जानकारी यही देता था।

## ईवीएम सुरक्षा में चूक को लेकर डीएसपी समेत चार सस्पेंड: डीएम-एसपी पर भी हो चुकी है कार्रवाई



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा में लापरवाही को लेकर तीन अफसरों समेत चार पर विभागीय कार्रवाई की गई है। गृह विभाग ने रक्षित डीएसपी राकेश रंजन को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा डीआईजी नवीन चंद्र झा के निर्देश पर नवादा थाना की इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह एवं पुलिस केंद्र के दिव्या शाखा प्रभारी सार्जेंट पुष्पांजलि को भी सस्पेंड कर दिया गया है। घटना के दिन ड्यूटी से फरार सिपाही को भी निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि 2 अप्रैल को इस मामले में भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर तत्कालीन डीएम राजकुमार एवं एसपी प्रमोद कुमार पर कार्रवाई करते हुए हटा दिया गया था। इसके अलावा डीएसपी व थानाध्यक्ष को भी निलंबित करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद डीआईजी सुरक्षा में चूक के बिंदु पर जांच कर रहे थे। जांच के दौरान एवं सुरक्षा में मानक में उदासीनता को लेकर प्रथम दृष्टया लाइन डीएसपी राकेश रंजन,दिव्या शाखा प्रभारी सार्जेंट पुष्पांजलि एवं नवादा थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह को दोषी पाया गया है। इसके साथ ही ड्यूटी से सिपाही के गायब रहने को गंभीरता से लिया गया है। जिसके बाद निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसके साथ डीएसपी पर विभागीय कार्रवाई भी चलेगी।

### 30 को जवान की हुई थी मौत

गौरतलब है कि 30 अप्रैल की शाम वेयर हाउस में इंसास राइफल से जवान हेमंत कुमार की मौत हुई थी वह पटना जिला अंतर्गत घोसवरी थाना के शहरी गांव निवासी शिवकुमार पासवान के पुत्र थे।

## ईद, चैती छठ को लेकर प्रमंडल आयुक्त ने दिए निर्देश : घाटों पर गोताखोर रहेंगे तैनात




### रामनवमी जुलूस को लेकर भीड़ प्रबंधन एवं फेक न्यूज पर रहेगी नजर

**नालंदा, एजेंसी।** पटना प्रमंडल आयुक्त कुमार रवि एवं आईजी गरीमा मलिक के द्वारा आगामी पर्व/ त्यौहार यथा ईद ,चैती छठ एवं रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूर्व तैयारी से आवश्यक दिशा निर्देश पदाधिकारीयों को दिए गए हैं।

### रामनवमी पर्व को लेकर रहे चौकस

रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि संवेदनशील संबंधित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। रामनवमी पर्व के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन एवं विधि व्यवस्था सुदृढ़ रखे, उपद्रवी तत्वों पर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें, रामनवमी जुलूस हेतु लाइसेंस सुरक्षा की दृष्टिकोण से शर्तों के अनुसार निर्गत करें। संवेदनशील बसावटों में फ्लैग, पेट्रोलिंग लगातार करते रहे, डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे, सोशल मीडिया/ फेक न्यूज पर कड़ी निगरानी रखें, ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखें।

**मतदान एवं मतगणना को लेकर तैयारी रखे पुख्ता :** निरोधात्मक करवाई यथा 107 ,110, सीसीए की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने कहा की 29 नालंदा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान एवं मतगणना के निमित्त कर्मियों के इलेक्शन सॉफ्टवेयर में डाटा इंट्री करने, पुलिस कर्मियों के फोर्स डेप्लॉयमेंट सॉफ्टवेयर में डाटा इंट्री करने, ईवीएम, वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था, डिस्पैच सेंटर पर स्ट्रांग रूम की तैयारी, आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने,लॉ एंड ऑर्डर, क्रिटिकल एवं वूलनेरेबिलिटी मैपिंग,सी भिजिल, इएस एमएस, हेलीपैड, हवाई अड्डा, ड्रोन, पुलिस की उपलब्धता, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा की उपलब्धता, पूर्व के चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता को जागरूक करने से संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 से संबंधित आमजन के सुविधा हेतु इलेक्शन साथी एंड्रॉयड एप्लीकेशन एण्ड चाटबोट का भी शुभारंभ किया गया।

### मस्जिद एवं छठ घाटों पर रहे सफाई व्यवस्था

निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ईद के अवसर पर मस्जिद एवं नमाज स्थल पर साफ–सफाई, भीड़ प्रबंधन एवं विधि व्यवस्था सुदृढ़ रखा जाए। चैती छठ के अवसर पर छठ घाटों पर साफ सफाई, लाइटिंग, एनडीआरफ, गोताखोर की व्यवस्था, मैकिंग, अग्निशमन दस्ता, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, नियंत्रण कक्ष आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## बस की ठोकर से भैंस की मौत, यात्रियों में मची अफरा–तफरी

**मुजफ्फरपुर/बोचहां, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर-दरभंगा फोरलेन पर भट्ठा चौक के समीप शनिवार की देर रात दरभंगा से पटना जा रही बस की ठोकर से भैंस की मौत हो गई। इस दौरान यात्रियों में चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि कुछ यात्रियों को हल्की चोट भी लगी है। चालक और उपचालक बस छोड़कर फरार हो गये। भैंस मालिक सिकंदर साहनी एवं उसकी पत्नी बनारसी देवी ने बताया कि भैंस को बथान पर बांधने जा रहे थे। इसी क्रम में बस ने ठोकर मार दी। हादसे में दंपती भी बाल-बाल बच गये। उन्होंने बताया कि एक महीना पहले ही गरहां मेला से 60,000 में भैंस खरीद कर लाया था। उधर, काफी देर तक पटना जाने के लिए पैसेंजर भटकते रहे।

# स्टेशन अधीक्षक द्वारा बैठक का हुआ आयोजन

चाणक्य भूमि मोतिहारी



स्टेशन अधीक्षक बापूधाम मोतीहारी दिलीप कुमार द्वारा एक बैठक का आयोजन स्टेशन अधीक्षक कक्ष में संध्या चार बजे आयोजित किया गया। बैठक मुख्य रूप से वर्ल्ड क्लास स्टेशन के निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर करने से संबंधित था। बैठक में रेल के तरफ से वाणिज्य अधीक्षक अजय कुमार, सिसेई विद्युत आशुतोष झा, सिसेई टेलीकॉम राजीव कुमार, सिसेई कार्य जे के वर्मा, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अशोक कुमार और निर्माण एजेंसी अद्या राज कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डी के सिंह, कंसल्टेंसी कंपनी के प्रभारी पी के गोयल अपने सहयोगियों के साथ मौजूद थे। दिलीप कुमार ने सभी अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करने के बाद एजेंसी को निर्देश दिया कि 15 अप्रैल तक टेम्परारी बिल्डिंग में जो भी बचे हुए कार्य हैं उन्हें कोचिंग अधीक्षक से सलाह लेकर पूरा किया जाए क्योंकि बुकिंग तथा रिजर्वेशन कार्यालय के शिफ्टिंग के बाद किसी कठिनाई का सामना नही करना पड़े। विद्युत तथा टेलीकॉम विभाग के अभियंताओं को कहा गया कि निर्माण एजेंसी को सहयोग करें जिससे विद्युत तथा नेट की समस्या को त्वरित रुप से हल निकाला जा सके। जल जमाव की आशंका भी बरसात के दिनों में हो सकती है, इसकी आशंका भी व्यक्त की गयी, जिसके लिए जे के वर्मा से मदद लेने को कहा गया। सर्वसम्मति से तय हुआ कि स्टेशन के प्रवेश गेट को आम आदमियों के लिए बंद कर दिया जाए तथा पहले जो निकास गेट था उसे चालू रखा जाए और एक गेट टेम्परारी बिल्डिंग के बगल से बनाया जाए जिसका सीधा प्रवेश प्लेटफार्म नंबर एक तक हो। यात्री प्रतीक्षालय में सीटिंग व्यवस्था करने की भी चर्चा हुयी। साईकिल एवं मोटर साइकिल तथा चार पहिया वाहनों के लिए स्टैंड को आबंटित क्षेत्रफल में कमी नहीं हो इस पर भी चर्चा हुयी। निकास द्वार के बगल के दीवार को तोड़कर पूरा क्षेत्र एक साथ करके उसमें स्टैंड के लिए जगह आबंटित करने पर सहमति बनी। संबंधित सड़क को दुरुस्त करने की भी चर्चा हुयी। कार्यालय शिफ्टिंग के बाद स्टेशन बिल्डिंग को एक तरफ से तोड़ने की प्रक्रिया चालू की जाएगी। इस समय संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्लेटफार्म को आधा घेर दिया जाएगा, जिससे निर्माण कार्य आसानी से चल सके तथा यात्रियों को भी विशेष असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। निर्माण एजेंसी ने बताया कि पाइल टेस्टिंग का काम पूरा हो चुका है, ड्राईंग भी तैयार हो गया है लेकिन ड्राईंग अप्रुभल में कुछ समय लगेगा उसके बाद निर्माण में तेजी आ जाएगी। जब तक ड्राईंग अप्रुभ हो रहा है हमलोग डिमालिशन का कार्य कर लेगे। लाईट आर ओ बी का भी पाईल टेस्टिंग हो चुका है डिजाइन भी बना कर जमा कर दिया गया है मंडल से अप्रुभ होने के बाद जल्द ही मुख्यालय की सहमति ली जाएगी फिर निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो जाएगा। प्लेटफार्म नंबर दो के दूसरे तरफ स्कूल बिल्डिंग का काम भी तेजी से चल रहा है एक महीने के भीतर हैंड ओभर कर दिया जाएगा। निर्माण एजेंसी ने विभिन्न कार्यालयों के निर्माण में आने वाली बाधाओं की चर्चा स्टेशन अधीक्षक से की। उनका कहना था जिस जगह पर निर्माण करना है वहाँ पर सिगनल निर्माण विभाग ने अपना स्टोर बना रखा है जिसे खाली किये बिना पुरानी पानी टंकी को तोड़ नहीं पा रहे हैं तथा काम विलंबित है। स्टेशन अधीक्षक ने सिगनल निर्माण विभाग को दो दिनों के भीतर अपना स्टोर हटाने का निर्देश दिया तथा निर्माण कंपनी को कहा कि प्रत्येक पंद्रह दिन में एक बार समन्वय बैठक होगी और आपलोगो को जो भी दिक्कतें आ रहीं हैं उसे तत्काल दूर करने का प्रयास होगा लेकिन मुझे तय समय सीमा के भीतर नवनिर्मित स्टेशन बिल्डिंग चाहिए। कंसल्टेंसी कंपनी के प्रभारी गोयल ने बताया कि हमारा प्रयास है काम तय सीमा के भीतर हो और क्वालिटी से कोई भी कंप्रोमाईज नहीं हो। निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डी के सिंह ने मीटिंग के बाद प्रसन्नता जाहिर की तथा कहा कि जिस प्रकार रेल प्रशासन हमें सहयोग कर रहा है आशा है समय सीमा के भीतर एक सुंदर स्टेशन बिल्डिंग बना कर देने में हम सफल होगे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



बच्चो का परीक्षण करते डॉ.आर .कुमार

- प्रभावती चाइल्ड हेल्थ केअर सेंटर मझौलिया में शिविर का आयोजन
- बदलते मौसम में शिशु की सुरक्षा पर अभिवावक दे ध्यानःडॉ.आर कुमार

**बेतिया**।बच्चों के लिए तो गर्मियों का मौसम कुछ ज्यादा मुश्किल साबित होता है। वहीं अगर आपके शिशु की पहली गर्मी है, तो आपको ज्यादा संभलकर रहने की जरूरत होती है। गर्मी में बच्चे को लू लगने, घमौरियों और त्वचा से जुड़ी कई परेशानियां हो सकती है ।दरअसल, गर्मियों में शिशु को इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। जिसमे नवजात शिशु की इम्यूनिटी भी बेहद कमजोर होती है। तापमान बढ़ने से शिशु को स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा भी ज्यादा हो सकता है। ऐसे में नवजात शिशु की देखभाल पहले से भी ज्यादा जरूरी हो जाती है।चिलचिलाती गर्मी के कारण छोटे बच्चे कई तरह की बीमारियों के आसानी से शिकार बन जाते हैं। वयस्कों की तरह इस मौसम में बच्चों में भी पानी की कमी, हीटस्ट्रोक, डायरिया जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। प्रभावती चाइल्ड हेल्थ केयर ब्लॉक रोड मझौलिया के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आर . कुमार ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर महत्वपूर्ण सलाह दी। उन्होंने बताया कि गर्मी में नवजात शिशुओं की विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है।जैसे जैसे मौसम में तपिश बढ़ती जाती है, हमारे लिए जरूरी है कि हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे। अपनी लाइफस्टाइल और खानपान का पूरा ध्यन रखें ताकि शरीर में पानी की कमी न हो, जिससे तबियत खराब न हो। इसी तरह, नाए जन्मे शिशु को भी स्पेशल केयर की जरूरत होती है। दरअसल आमतौर छोटे बच्चों को 6 माह तक पानी नहीं दिया जाना चाहिए और 6 माह के बाद उसे ओआरएस का घोल पिला सकते हैं। नवजात बच्चे को स्वच्छ रखना बेहद आवश्यक होता है। अगर नवजात शिशु पूरी तरह से अपनी मां पर निर्भर होता है, तो ऐसे में मां को चाहिए कि वह समय-समय पर अपने शिशु को स्तनपान कराती रहें, ताकि उसके शरीर में पानी की कमी न हो। गर्मियों में बच्चे को भारी कपड़े पहनाने से परहेज रखें। गर्मी में शिशु और छोटे बच्चों को भी आरामदायक, ढीले-ढाले कॉटन के कपड़े ही पहनाएं। इसके साथ ही बच्चे को तेज धूप में ले जाने से भी परहेज रखें। साथ ही गर्मियों में नवजात शिशु को पोषण की जरूरत ज्यादा होती है। अगर आप बच्चे को स्तनपान कराती हैं, तो स्तनपान का समय थोड़ा बढ़ा दें। अगर बच्चे की उम्र 6 महिने से ज्यादा हो गई है, तो उसकी डाइट में जूस, फ्रूट्स भी शामिल जरूर करें। डॉ आर . कुमार ने कहा कि स्वस्थ ही धन है। अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे तथा दूसरे को भी स्वास्थ्य के प्रति सचेत करें।

# रेल यात्रियों से लूटपाट गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार



चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

रेल पुलिस द्वारा गुप्त रूप से कार्यवाही करते हुये यात्रियों से लूटपाट करने वाले गिरोह के दो अपराधियों को नरकटियागंज रेलवे प्लेटफार्म से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो ब्लेड और दो चाकू को भी जप्त किया गया है। यह जानकारी देते हुये रेल डीएसपी उमेश कुमार ने बताया कि दोनों की गिरफ्तारी नरकटियागंज रेलवे जंक्शन के नव निर्मित प्लेटफार्म संख्या-5 के पास से की गई है। वहीं पर दोनों बदमाश झाड़ियों में छुपकर बैठे थे। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान बगहा के बडगांव डोमटोली वार्ड संख्या-4 निवासी अजय कुमार और भोला राम के रूप में की गई। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर न्यायिक हिरासत में दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# बिजली विभाग में अवैध तरिके से बहाल डेटा ऑपरेटर पर गिरी गाज

चाणक्य भूमि मोतिहारी

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल मोतिहारी में अवैध तरिके से बहाल किए गए अल्प अवधि डेटा ऑपरेटर राजकिशोर चौरासिया एवं मुकेश कुमार को तत्कालीन सहायक विद्युत अभियंता सह विद्युत कार्यपलाक अभियंता श्री प्रेम राज द्वारा शीष कंपनी के आदेश की अवहेलना कर लगातार तीन वर्षों से अवैध तरीके से कार्य करा रहे थे जबकि वर्ष 2021 में भी अल्प अवधि अवैध डेटा ऑपरेटर को सेवामुक्त करने का आदेश दिया गया, परंतु श्री राज अपने मनमाने एवं निजी लाभ हेतु वरीय अधिकारियों के आदेश को अनसुनी कर रहे थे,पर आखिर कार्य दोनो अवैध डेटा ऑपरेटर को सेवा मुक्त किया गया है अब देखना होगा कि वरीय अधिकारियों के आदेश के बाद लगातार 03 वर्षो की अवैध मानदेय भुगतान की वसूली विभाग कब तक कर रही है। विभागीय सूत्रों की अनुसार दोनों अवैध डेटा ऑपरेटर राज के इशारे पर अवैध तरिके से बिजली बिल सुधार, बड़े बड़े उपभोक्ताओं के यहाँ बिजली चोरी पैसे लेकर कराना, मोतीहारी ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण उपभोक्ताओं के बिल को ज्यादा रिडिंग डालकर बिल बनाना और पैसे लेकर उक्त को कम करना सहित कुरीतियों के पूर्ण थे दोनों अवैध डेटा ऑपरेटर।

# आपसी सौहार्द का मिशाल है दावते इफ्तारःडॉ.एनएन शाही



इफ्तार पार्टी में शामिल हुए बिहार प्रदेश के जदयू नेता डॉ.एन एन शाही

- पारसपकड़ी में आयोजित इफ्तार पार्टी में उमड़ी गणमान्यों की भीड़
- प्रवंध निदेशक मो.सोबराती ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया समान्नित

चाण्क्यभूमि(कनकलता)

**बेतिया**।रमजानुल मुबारक के मौके पर रविबार को पारस पकड़ी स्थित ए एस इंटरनेशनल स्कूल परिसर में प्रवंध निदेशक मो.सोबराती की ओर से दावते इफ्तार का आयोजन किया गया।जदयू के बिहार प्रदेश के नेता सह प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.एन एन शाही समेत सैकड़ो लोगों की भागीदारी रही।डॉ.शाही ने इस अवसर पर कहा कि यह इफ्तार हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक है।इफ्तार आपसी सौहार्द का परिचायक है।रमजान के दिन में रोजेदारों के साथ बैठकर इफ्तार करने से बड़ी शबाब मिलता है।मो.सोबराती एक नेक दिल इंसान है।पांचों वक्त का नमाज अता करते है।मझौलिया थाना क्षेत्र में इनके व्यवहार की चर्चा है।सैकड़ो की भीड़ यह साबित करता है कि अदब के मिशाल है।बताते चले कि इफ्तार पार्टी में सैकड़ो लोगों की भागीदारी रही।इस अवसर पर क्षेत्र संख्या 39 के पूर्व जिला पार्षद अब्दुल सत्तार शाह,एचएम मनीष कुमार,धनजीत शुक्ला,डॉ. मोजबिल हक,शिक्षाविद प्रमोद राय,महनागनी ग्राम कचहरी के सरपंच मो.मुस्ताक,हरेंद्र प्रसाद,तब्बू निशा,सोहैल अहमद,हृषिकेश शर्मा,मौलाना तफ्फानुल,मो.हारून,गयासुद्दीन आदि गणमान्य लोग शामिल रहे।इफ्तार के बाद बिरादरी के लोगों ने नमाज अता की।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर




जांच शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

बेतिया (चाण्क्यभूमि)

- पूर्वी सरेया पंचायत में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन
- 500 मरीजो का की गयी जांच और फ्री में दवाईयों का किया गया वितरण

**बेतिया**। पूर्वी सरेया पंचायत के वार्ड संख्या 06 स्थित ग्राम कचहरी के प्रांगण में निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे पांच सौ लोगों मुफ्त ईलाज किया गया। "ओम शांति हॉस्पिटल" पहाड़पुर के जाने माने प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आर.के सिंह के द्वारा मुफ्त इलाज तथा दवा भी दिया गया। जानकारी पंचायत के मुखिया पति चंद्र भूषण पांडेय ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि शिविर में अधिकांश मरीज शरीर दर्द,सर्दी,खांसी,जुकाम,ब्लड प्रेशर तथा शुगर की जांच की गयी।शिविर के संचालन में रविकांत प्रसाद,सुरेश राय,अमेरिका राय,चंद्रशेखर पांडेय,अमलेश पांडेय,वार्ड सदस्य हरिचरण पटेल समेत पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी रही।

# बेतिया पुलिस द्वारा विगत दिवस कुल अट्ठाइस वांछित कि गिरफ्तारी की

चाणक्य भूमि बेतिया

जिला पुलिस द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार शनिवार को विभिन्न कांडों में कुल अठाईस गिरफ्तारियाँ की गयी हैं, जिसमें हत्या के एक बलात्कार के 2 आर्म्स एक्ट के पाँच. पशु क्रूरता अधि०- के एक अपराधी शामिल है। इनके पास से एक पिस्टल दो देशी कट्टा आठ जिन्दा कारतूस 50.3 लीटर देशी शराब एक कार के साथ ही अन्य कई समान जप्त किए गये। इसके अतिरिक्त, बेतिया जिला पुलिस द्वारा वाहन जाँच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन के विरूद्ध कुल- 02,22,500/- (दो लाख बाईस हजार पाँच सौ रुपया) का चालान काटा गया।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प० चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714